सीमा सन्देश

राज्यसभा चुनाव के
के किसी अस्पताल
मतदान करने की

हाउसिंग बोर्ड का जलवा बरकरार

दो बुधवार में बिके 100 करोड़ से अधिक के 701 आवास

जयपुर (का.सं.)। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि आवासन मण्डल ने कोरोना काल में भी सिर्फ 2 बुधवार में ही 103 करोड़ रुपये मूल्य के 701 आवास बेचकर रियल स्टेट क्षेत्र के पण्डितों को चौंका दिया है। उल्लेखनीय है कि इस बुधवार को मण्डल के 320 आवास बिके, जिससे मण्डल को 45 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे पूर्व पहले बुधवार को 381 आवास बेचकर 58 करोड 22 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी के लिए किश्तों में आवास योजना में मकान लेने के लिये दूसरे बुधवार को भी खरीददारों का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। जयपुर वृत्त प्रथम में 42 आवास बिके, जिससे मण्डल को 8 करोड 52 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जयपुर वृत्त द्वितीय में 63 आवास बिके, जिससे मण्डल को 9 करोड़ 8 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। जयपुर वृत्त तृतीय में 42 आवास बिके, जिससे मण्डल को 6 करोड 78 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

अरोड़ा ने बताया कि अलवर वृत्त में 56 आवास बिके, जिससे मण्डल को 5 करोड़ 89 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। कोटा वृत्त में 29 आवास बिके, जिससे मण्डल को 2 करोड 69 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जोधपुर वृत्त प्रथम में 16 आवास बिके, जिससे मण्डल को 1 करोड 65 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जोधपुर वृत्त द्वितीय में 5 आवास बिके, जिससे मण्डल को 67 लाख 25 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। बीकानेर वृत्त में 33 आवास बिके, जिससे मण्डल को 3 करोड 71 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। उदयपुर वृत्त में 34 आवास बिके, जिससे मण्डल को 5 करोड 52 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

उन्होंने बताया कि सभी के लिए किश्तों में आवास योजना के तहत 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक छूट पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंडल इतिहास में पहली बार इतनी भारी छूट के साथ 13 वर्ष की आसान 156 मासिक किश्तों पर आमजन को आवास उपलब्ध हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना में 1 जून से पंजीकरण और 8 जून से ई-बिड सबमिशन प्रारंभ किया गया था।

39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक की छूट पर, 13 वर्ष की आसान 156 मासिक किश्तों पर आवास खरीदने का सुनहरा अवसर

बिड में भाग लेने की प्रक्रिया है अत्यंत सरल और आसान

बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी को किश्तों में आवास योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन बिड की प्रक्रिया बेहद सरल और आसान है। आवेदक आवासन मण्डल के सभी कार्यालयों की हैल्प डेस्क, घर बैठे या ई-मित्र पर जाकर अपनी बिड/नीलामी प्रस्ताव प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10.00 बजे से बुधवार सांय 4.00 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकता है। इन प्रस्तावों को पूर्ववत प्रत्येक बुधवार सांय 4.30 बजे ऑनलाईन ही खोला जायेगा एवं सफल बिडदाता को किश्तों पर आवास आवंटित किया जायेगा। इस योजना से संबंधित नियम, शर्तों, उपलब्ध आवासों की सूची, आरक्षित दर, छूट का प्रतिशत एवं ऑनलाईन प्रस्ताव देने की प्रक्रिया आवासन मण्डल की वेबसाईट पर देखी जा सकती है।